RNI NO. MAHHIN / 2010 /43881


# विदर्भ स्वाभिमान

संपादक : सुभाषचंद्र दुबे

प्रबंधक : सौ. विणा एस. दुबे

❖ अमरावती, गुरूवार 11 से 17 जनवरी 2024 ❖वर्ष :14 ❖ अंक- 29 ❖ पृष्ठ 9 ❖ मूल्य - 4/- पोस्टल रजि.नं ATI/RNP/268/2022-2024 ❖डाक : शुक्रवार-शनिवार

## बाबूजी के आदर्श विचार



### ज़ीवन के कड़वे सच

**ज़ीवन में सदैव उदारता रखना चाहिए. सुयोग्य व्यक्ति को दान करने से धर्म होता है. गरीबों की मदद करना दया होता है और मित्र को मदद करने से प्रेम बढ़ेगा. जबकि शत्रु को देंगे तो दुश्मनी मिटने वाली स्थिति रहेगी. विनम्रता रहेगी तो संबंध जीवन भर टिकेंगे और मित्र बढ़ेंगे. इसके विपरीत होने पर तकलीफ बढ़ेगी.स्वार्थ कहां रखना चाहिए, इसका ध्यान देना चाहिए.**

# अयोध्या का ही विषय सर्वत्र छाया

## क़ाफी चौकाने वाला है अयोध्या का इतिहास,1950 में पूजा का अधिकार मिला

**अमरावती -** भारतीय संस्कृति और संस्कार महान हैं. हर मामले में भारतीय अपने दुःख भुलाकर खुशियों की तलाश कर हीलेते हैं. अयोध्या के साथ ही न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि समूचे देश में आज पूरा माहौल राममय हो गया है. विश्वस्तर पर केवल और केवल अयोध्या की ही चर्चा हो रही है. अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है. 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम निर्धारित है। 18 से 22 तक पूरे देश में रामोत्सव के साथ ही श्रीराम मंदिरों के साथ ही सभी मंदिर रोशनाई में नहाने के



अलावा लोगों के घरों में भी दीपावली मनाई जाएगी. शेष पेज 2 पर

संपादक की कलम से



## दिलदार व्यक्ति हैं

कहते हैं कि जीवन में कुछ लोग ही सदैव अपना प्रभाव छोड़ते हैं. शहर में व्यवसाय के साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में ऐसे ही व्यक्ति हैं रविन्द्रसिंग सलूजा उर्फ सभी के चहेते बिट्टूभैया. भैया ने नए साल की शुभकामनाएं सभी को दी है. उनका साक्षात्कार पेज नंबर 8 पर अवश्य देखें. उदार, समझदार और मददगार व्यक्ति के रूप में सुख्यात हैं.

साक्षात्कार पेज नंबर 8 पर




# विश्व से प्रतिस्पर्धा करने के लिए गुणवत्ता नियंत्रण है जरूरी-अदालत

**बेंगलुरु-** कर्नाटक हाईकोर्ट ने बुधवार को उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें भारत में आयातित प्लास्टिक की गुणवत्ता जांच में हस्तक्षेप करने की मांग की गई थी. भारत सरकार द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, 5 जनवरी, 2024 से देश के तटों पर आयातित प्लास्टिक पर गुणवत्ता नियंत्रण लगाया गया है.याचिका को खारिज करते हुए गुणवत्ता नियंत्रण के लिए इसे एक आवश्यक कदम बताते हुए हाईकोर्ट ने कहा, 'दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में देश तभी सक्षम होगा, यदि गुणवत्ता 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत शुरू से लेकर तैयार उत्पाद तक उभरती है. तभी देश बेहतर होगा.'अदालत ने कहा-इस दिशा में न्यायालय द्वारा कोई भी हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा, सिवाय इसके कि यदि उस दिशा में उठाया गया कदम, स्पष्ट और मनमानी को दर्शाता है, जिसकी वकालत नहीं की गई है.' ऑल इंडिया एचडीपीई/पीपी वोवन फैब्रिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने हाईकोर्ट के समक्ष याचिका दायर की थी, जिस पर न्यायमूर्ति एम नागाप्रसन्ना ने सुनवाई की है.8 जनवरी को अपने फैसले में कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ताओं द्वारा 'संगठन और सांठगांठ का विरोध करने के अलावा कोई अन्य दलील नहीं दी गई है.' हाईकोर्ट ने पहले के कई फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि कोर्ट नीतिगत मामलों पर सरकार के सलाहकार की तरह काम नहीं कर सकता.



विशेष संपादकीय

# मौसम का लहरीपन बना है स्वास्थ्य का दुश्मन

*विश्व में ग्लोबल वार्मिंग और मौसम में जिस तरह का बदलाव हो रहा है, उसको लेकर स्वास्थ्य पर सीधे असर पड़ रहा है. मौसम में परेशानी के कारण बच्चों के साथ ही बुजुर्गों पर अत्याधिक बुरा असर पड़ रहा है. इसमें भी बादल और बूंदा-बांदी के कारण लोगों को तकलीफ का सामना करना पड़ रहा है. विश्वस्तर पर यह बदलाव भविष्य के लिहाज से खतरनाक है. पर्यावरण के साथ जारी मानवीय खिलवाड़ के कारण ही आज समय पर न तो बारिश हो रही है, न सही तरीके से ठंडी पड़ रही और न ही गर्मी हो रही है. मौसम चक्र में हो रहा लगातार बदलाव दिक्कत वाला साबित हो रहा है. अमरावती शहर के साथ ही जिले में भी मौसम के बदलाव के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्या पैदा हो रही है. यही कारण है उत्तरी भारत में शीतलहर तो कई क्षेत्रों में ठंड का एहसास भी नहीं हो रहा है.*

*मौसम में लगातार बदलाव स्वास्थ्य पर जहां असर कर रहा है, वहीं दूसरी ओर बड़े पैमाने पर बीमारों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है. यही कारण है कि सरकारी और निजी अस्पतालों में भी बीमारों की भीड़ लगी हुई है. पिछले एक सप्ताह से तापमान में चढ़-उतार वाली स्थिति है. मौसम में बदलाव के लिए ग्लोबल वार्मि ग को जिम्मेदार माना जा रहा है. बारिश का समय हो, गर्मी का समय हो अथवा ठंडी, सभी मौसमों की दिनचर्या प्रभावित हुई है. यह क्यों हो रहा है, इसका कारण क्या है, इस बारे में विचार किए जाने की जरूरत है. मौसम में जिस तरह से बदलाव हो रहा है, वह उचित नहीं कहा जा सकता है. लोगों का मानना है कि पिछले दस साल के दौरान मौसम में बदलाव तेजी से हो रहा है. यही कारण है कि गर्मी की तीव्रता भी बढ़ी है, इसके साथ ही ठंड की तीव्रता भी तेजी से बढ़ रही है. मौसम में आने वाला बदलाव का स्वास्थ्य पर सीधा असर पड़ता है. कोरोना महामारी के बाद वैसे ही बीमारियों को लेकर लोगों में जबर्दस्त चिंता के साथ ही जिस तरह से नई-नई बीमारियां घर कर रही हैं, उनको लेकर भी लोगों में चिंता है. देखा जाए तो पहले की तुलना में जीवन आज काफी सहज हो गया है. पहले से सुविधा बढ़ी है, मेडिकल सुविधाएं बढ़ी हैं, इसके बाद भी लोगों को बीमारियां क्यों घेर रही हैं, इस पर विचार किया जाना जरूरी है. आज युवाओं में हार्ट फेल और दिल का दौरा पड़ने का प्रमाण तेजी से बढ़ रहा है. इसके साथ ही कई ऐसी बीमारियां सामने आ रही हैं, जिनका पहले जिक्र तक नहीं था. अस्तव्यस्त दिनचर्या, भारी-भरकम तनाव में आज हर व्यक्ती परेशान है. इसके कारण ब्रेन हैमरेज के साथ ही अन्य तमाम तरह की बीमारियां बढ़ी हैं. सभी को पता है कि खाली हाथ आए हैं और खाली हाथ जाना है, इसके बाद भी संतोष नामक सोच किसी में नहीं है. केवल धन की चाहत में सभी अपनी खुशियों को कुर्बान करने में लगे हैं. तनाव, मिलावटखोरी, सुकून की नींद नहीं आने, सकारात्मक सोच के अभाव जैसी कई बातों के कारण आज स्थिति यह है कि व्यक्ती पैसे कमाने में पूरा जीवन लगा दे रहा है और जब सुख के दिन आते हैं तो कमाई दवाखाने में देने के बाद वह जहां से निकला था, वहीं पहुंचने वाली नौबत आई है.अभी भी देर नहीं हुई है, पर्यावरण के साथ जारी खिलवाड़ रोकते हुए सभी को एक-एक पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए. तभी स्थिति में सुधार होगा.*

# शिंदे को ताकत, उद्धव को झटका



विदर्भ स्वाभिमान
राय बताएं-9423426199



महाराष्ट्र की राजनीति में पिछले चार साल से जितने उतार-चढ़ाव आते हैं, शायद इतने उतार-चढ़ाव राजनीतिक क्षेत्र में महाराष्ट्र की स्थापना के बाद से शायद ही कभी आए हों. विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर द्वारा बुधवार को दिया गया फैसला मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के लिए जहां ताकत साबित हो सकता है, वहीं दूसरी ओर यह उद्धव ठाकरे शिवसेना के लिए झटका से कम नहीं है. राजनीति में स्थितियां कब बदल जाती हैं, इसका कोई आकलन नहीं किया जा सकता है. महाराष्ट्र की राजनीति के मामले में बड़े-बड़े राजनीतिक पंडित भी फेल हो सकते हैं. राज्य में चौबीस घंटे में पार्टी फूट सकती है, सरकार बदल सकती है और स्थितियां बदल सकती हैं, जो आरोपी बनने वाले थे, वे मंत्री बन सकते हैं, इस तरह के चमत्कार महाराष्ट्र की राजनीति में इस दौरान देखने के लिए मिली. शिंदे गुट के विधायकों का मामला लंबे समय से चल रहा था. स्पीकर ने अपने फैसले में कहा कि शिंदे गुट के 16 विधायकों की मान्यता बरकरार रहेगी. साथ ही एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने रहेंगे.महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने अपने फैसले में एकनाथ शिंदे को बड़ी राहत दी है. उन्होंने कहा कि शिंदे गुट के 16 विधायकों की मान्यता बरकरार रहेगी. साथ ही एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने रहेंगे. बता दें कि महाराष्ट्र में करीब डेढ़ साल पहले शिवसेना में बगावत हुई थी, जिसके बाद शिवसेना के उद्धव गुट ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित उनके गुट 16 बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था. यह होना ही था. लेकिन विधानसभाध्यक्ष के फैसले को लेकर जिस तरह देश में राजनीतिक माहौल बन रहा है, उसका लाभ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना को निश्चित तौर पर मिलना तय है. अमरावती शहर में राजकमल चौक पर जिस तरह से ज़ल्लोश शिंदे गुट के पदाधिकारियों द्वारा मनाया गया, उसके चलते यह तय हो गया है कि आगामी समय में यह फैसला शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के लिए सहानुभूति के सारे दरवाजे बंद करने वाली है. स्पीकर के फैसले को लेकर समर्थन विरोध का दौर शुरू है, सत्तापक्ष जहां इसे न्याय बता रहा है, वहीं शिवसेना द्वारा इसे साजिश बताई जा रही है. स्पीकर के फैसले पर महाराष्ट्र के मंत्री और शिंदे गुट के विधायक दीपक केसरकर ने कहा कि इस फैसले से लोकतंत्र मजबूत होगा. साथ ही उन्होंने कहा कि इस फैसले की सच्चाई यह है कि पार्टी में भी लोकतंत्र होना चाहिए. उन्होंने इस फैसले को सही बताया.इस फैसले का दूरंदेशी असर पड़ना तय है.

# 1950 में मिला पूजा का अधिकार

**पेज 1 से जारी-** श्रीराम के अपने स्थान पर विराजने को लेकर भक्तों के साथ ही हर व्यक्ति में उत्साह है.

इस अवसर पर देश की नहीं अपितु पूरे विश्व की निगाहें हैं। रामलला की मूर्ति का चयन भी हो चुका है। मंदिर को अंतिम रूप देने के लिए दिन-रात काम चल रहा है- प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा देशभर से लाखों विशेष अतिथि अयोध्या आ रहे हैं. कार्यक्रम के संपन्न होने के बाद आम श्रद्धालु भी भव्य एवं ऐतिहासिक राम मंदिर के दर्शन कर सकेंगे. अंबानगरी में भी इस उपलक्ष्य में अक्षत कलश यात्रा के कारण पूरा माहौल ही भक्तिभाव और अयोध्यामय हो गया है. हर मंदिर को सजाया जा रहा है. इस दौरान हर मंदिर में विभिन्न कार्यक्रमों का नियोजन किया गया है.

श्रीराम मंदिर का मामला पहली बार 1885 में अदालत में पहुंचा. महंत रघवरदास ने फैजाबाद अदालत में बाबरी मस्जिद से लगे राम मंदिर के निर्माण की इजाजत के लिए अपील दायर की. इसके बाद जिस तरह से उन्हें साथ मिला और श्रीराम मंदिर का मामला इसके बाद लगातार बढ़ने लगा और यह भारतीयों के लिए अस्मिता का विषय बन गया था. देशवासियों को लेकर अपार भावना बनी थी. क़हते हैं कि प्रभु की लीला वही जानें, यही कारण है कि 1949 में वहां पर प्रभु श्रीराम लला की मूर्ति प्रकट हो गई. इसके बाद अयोध्या के साथ ही सभी देशवासियों में प्रभु श्रीराम को लेकर अपार श्रद्धाभाव पैदा हो गया. अमरावती में सभी मंदिरों के साथ ही जिस तरह से यह मामला गर्माने लगा लेकिन तत्कालीन सरकारों द्वारा सर्वधर्म समभाव के नाम पर सच्चाई को यह सोचकर स्वीकार करने की हिम्मत नहीं की गई कि इससे सत्ता को खतरा पैदा हो सकता है. लेकिन प्रभु की लीला वही जाने और अंततः आज जो लोग श्रीराम को मानने तैयार नहीं थे, उनका अस्तित्व स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे, प्रभु की कृपा से आज उनके समक्ष उनके ही अस्तीत्व का खतरा पैदा हो गया है. विवादित ढांचे के बाहर केंद्रीय गुंबद के नीचे रामलला की मूर्ति प्रकट हुई। इसके बाद उस स्थान पर लोग पूजा करने लगे. लोगों को पूजा करने से रोकने का प्रयास किया गया. इस सच्चाई से इंकार नहीं किया जा सकता है कि प्रभु श्रीराम ने भाजपा को न केवल तारा, बल्कि आज जिस स्थिति में पार्टी पहुंची है, उसमें प्रभु श्रीराम की कृपा का बहुत बड़ा योगदान है. अयोध्या के मामले में तत्कालीन भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी तथा अन्य नेताओं द्वारा निकाली गई रथयात्रा ने देश में राम का माहौल बनाना शुरू किया था. इस दौरान देश में जन-जन में अपने श्रीराम को लेकर अपार प्रेम और अस्मिता का विषय शुरू हुआ. इस मामले में भाजपा की ताकत भी बढ़ी. 1950 में गोपाल सिंह विषारद ने फैजाबाद कोर्ट में मुकदमा दायर करके पूजा के अधिकार की मांग की थी। इसी केस के बाद हिंदुओं को मंदिर में पूजा-अर्चना का अधिकार मिला था।



विदर्भ स्वाभिमान
यह समाचार पत्र मालिक, प्रकाशक,संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे द्वारा एस.बी.प्रिंटर्स द्वारा दत्त पैलेस गांधी चौक अमरावती में मुद्रित कर विदर्भ स्वाभिमान कार्यालय,छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती में प्रकाशित किया गया है.मोबाइल नंबर 9423426199/8855019189.अखबार में प्रकाशित होने वाले विभिन्न पत्र,साहित्य,लेखकों,कवियों के विचारों व तथ्यों पर आधारित होते हैं. इनसे संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है.संपादक सुभाषचंद्र जमुनाप्रसाद दुबे (संपादकीय दायित्व हेतु जिम्मेदार), मुख्य प्रबंधक- सौ.वीणा सुभाषचंद्र दुबे.Email-vidarbh.swabhiman@gmail.com

# ज़नता की सेवा ही शिवसेना शिंदे गुट का उद्देश्य

## पार्टी जिलाध्यक्ष अरूणभाऊ पडोले का प्रतिपादन, मानवता की सेवा की ज्योति जलाए रखें, जन्मदिन पर विशेष

**विदर्भ स्वाभिमान,10 जनवरी**

**अमरावती-** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे स्वयं जमीन से जुड़े नेता हैं. संघर्ष उन्होंने करीब से देखा है, इसलिए राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में भी उनकी कोशिश गरीब जनता को सदैव राहत देने की रहती है. शिवसेना शिंदे गुट द्वारा समाजसेवा को ही सर्वाधिक महत्व दिया जाता है. इस आशय का मत शिवसेना शिंदे गुट के जिला प्रमुख अरूण भाऊ पडोले ने किया. अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में विदर्भ स्वाभिमान से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गरीबों के दर्द को जानते हैं. उन्होंने बचपन से स्वयं इन स्थितियों को झेला है. आज मुख्यमंत्री के रूप में उनकी प्रथम प्राथमिकता जनता ही होती है. यही कारण है कि महाराष्ट्र की जनता की सेवा में लगातार जुटे हैं.

जीवन में बिना किसी प्रकार के स्वार्थ की की गई अच्छी और सच्ची सेवा कभी भी बेकार नहीं जाती है. प्रभु ने इन्सान के रूप में सबसे प्यारा जो जीवन दिया है, अपने प्रपंच को संभालते हुए हमें मानवता की संभव उतनी सेवा करने का प्रयास करना चाहिए. ऐसा करने के बाद इसका फल प्रभु या प्रकृति किस रूप में दे देंगे, यह कोई नहीं जानता है. इसलिए जितना संभव हो, सदैव अच्छी सोच के साथ ही सच्ची और अच्छी सेवा करने का प्रयास करना चाहिए.कुछ रिश्ते दुनिया में ऐसे होने चाहिए, जो निस्वार्थ हों और उन रिश्तों पर आपको और उस व्यक्ति को भी गर्व होना चाहिए. सफलतम व्यवसायी के साथ ही शिंदे गुट के वरिष्ठ नेता के रूप में अरूण पडोले जहां पार्टी की मजबूती के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं, वहीं दूसरी ओर उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों को सम्मान देने के साथ ही कार्यकर्ताओं को जोड़ने के लिए आत्मीयता का सहारा लेते हैं. कार्यकर्ता के हर सुख और दुःख को समझने और उसका निराकरण करने का प्रयास करने वाले नेता के रूप में उनकी ख्याति है. यही कारण है कि अमरावती जिले में आज शिवसेना शिंदे गुट मजबूती के साथ उभर रहा है. वे कहते हैं कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे द्वारा गरीबों और जरूरतमंदों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के आग्रह का पूरी पार्टी पालन करती है.शहर के साथ ही जिले में शिवसेना तेजी से उभर रही है. लोगों का विश्वास पार्टी में तेजी से बढ़ने का दावा उन्होंने किया.

विदर्भ स्वाभिमान द्वारा शुरू की गई सकारात्मक सोच वाला नया वर्ष 2024 का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम सभी को नए साल की मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं. नए साल में हमें अपनी एक बुराई छोड़ने का संकल्प लेना चाहिए, साथ ही मानवता की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहने का प्रयास करना चाहिए.जीवन पानी का बुलबुला है, ऐसे में जितना संभव हो, ऐसे भी कुछ काम करने का योगदान देने का प्रयास करना चाहिए, जो हमें अमर बनाने में भी भूमिका निभाते हैं.

**ज़नसेवा को महत्व**

एड. अरूण पडोले के मुताबिक ज़ीवन में सकारात्मक सोच के साथ ही सही दिशा में किया गया काम कभी बेकार नहीं जाता है. नैतिकता को अत्याधिक महत्व देने वाले तथा इस पर हर काम करने वाले अरूण पडोले क़े मुताबिक शिवसेना शिंदे गुट को जनता का अपार प्यार मिल रहा है. पार्टी प्रमुख एकनाथ शिंदे जनता को सदैव चाहने वाले और दुःख दर्द बांटने वाले नेता के रूप में सेवारत हैं. उन्हीं के निर्देश पर पार्टी का हर पदाधिकारी जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर है. अरूण पडोले जितने अच्छे उद्यमी हैं, समाजसेवी हैं, उतने ही संवेदनशील नेता के रूप में भी शहर तथा जिले में पार्टी मजबूती के साथ ही विकास कामों के लिए लगातार तत्पर रहते हैं. उनके मुताबिक पार्टी का हर पदाधिकारी पार्टी की मजबूती के साथ ही जनता को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए दिल से प्रयासरत है. इससे लोगों में भी शिवसेना शिंदे गुट को लेकर तेजी से आत्मीयता बढ़ रही है. बड़ी संख्या में अन्य दलों के कार्यकर्ता भी पार्टी में शामिल हो रहे हैं.

### बेहतरीन नेतृत्व, आदर्श मार्गदर्शक हैं-नमिता तिवारी

शिवसेना शिंदे गुट के वरिष्ठ नेता अरूण पडोले के बारे में पार्टी की महिला नेत्री और पार्टी को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए दिन-रात प्रयास करने वाली डॉ. नमिता तिवारी का कहना है कि नेतृत्व कैसा होना चाहिए, यह जिले में अरूणभाऊ पडोले ने साबित किया है. सभी पदाधिकारियों के साथ ही कार्यकर्ताओं को भी साथ लेकर चलना, सभी को सम्मान देने के साथ ही योग्यता के मुताबिक जिम्मेदारी देने वाले अरूण पडोले के कारण जिले में तेजी से पार्टी मजबूत हो रही है. आगामी स्थानीय निकाय चुनावों से लेकर विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भी पार्टी द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करने का विश्वास जताया. उनके मुताबिक पार्टी का हर पदाधिकारी,कार्यकर्ता समर्पित भावना से पार्टी की मजबूती के लिए प्रयास कर रहा है.विकास के साथ जनहित की सोच के कारण पार्टी लोकप्रिय हो रही है.




विदर्भ स्वाभिमान

| | | |
|---|---|---|
| जाहीर सुचना | 10x2 | 500 |
| जाहीर सुचना | 15x2 | 1000 |
| बच्चों का जन्मदिन | 10x2 | 500 |
| शादी की वर्षगांठ | 10x2 | 500 |
| नाम में बदल | 10x2 | 500 |
| गुमशुदा | 10x2 | 400 |
| श्रध्दांजलि | 10x2 | 500 |
| पुण्यस्मरण | 15x2 | 1000 |

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

विदर्भ स्वाभिमान, छाया कॉलोनी, अमरावती

मो. 9423426199/ 8855019189


# सभी के प्रयासों से ही सफलता मिलती है, होता है सभी का विकास: अजय सिनकर

**अमरावती-** किसी भी संस्था अथवा परिवार की प्रगति सभी के प्रयासों से होता है. इसलिए परिवार हो या संस्था, बैंक हर स्थान पर यही बात लागू होती है. इसलिए हर व्यक्ति जब परिवार को आगे बढ़ाने में योगदान देते हैं तो परिवार आगे बढ़ता है. संस्था में समर्पित पदाधिकारी और कर्मचारी रहने के बाद संस्था प्रगति करती है. महात्मा फुले सहकारी बैंक आज संयुक्त प्रयासों के कारण ही ग्राहकों के दिलों में स्थान बना रही है. बैंक के संचालक तथा पदाधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन और ग्राहकों के विश्वास के कारण बैंक ने कई कामयाबी प्राप्त की है. इस आशय का मत बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय सिनकर ने व्यक्त किए.

विदर्भ स्वाभिमान से बातचीत करते हुए सहकारिता क्षेत्र में गहन अभ्यासक और सभी को साथ लेकर और सम्मान देकर काम करने में विश्वास रखने वाले अजय सिनकर ने कहा कि बैंक अध्यक्ष, संचालक मंडल के समर्पण के कारण ही बैंक ने यह कामयाबी हासिल की है. आज बैंक द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में योगदान देने के साथ ही रोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किया जाता है. उनके मुताबिक हर व्यक्ति में गुण होते हैं, कोई भी काम छोटा नहीं होता है. हर काम को बेहतरीन ढंग से करने का प्रयास करना चाहिए. जीवन में अच्छे लोगों का साथ इसे संवारने का काम करता है. कोई भी काम को छोटा नहीं आंकना चाहिए, ऐसा सोचने वाला जीवन में कभी पीछे नहीं आ सकता है. क़ाम के प्रति समर्पण और संघर्ष के साथ ही निश्चल भाव से पूरा मन लगाकर काम करने की तैयारी ही व्यक्ति को जीवन में कामयाबी प्रदान करती है. जीवन में जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाए, उसका अपने स्तर पर बेहतरीन तरीके से निर्वहन ही जीवन में कामयाबी देता है.सहकारिता क्षेत्र की सुख्यातमहात्मा फुले अर्बन बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय सिनकर समर्पित अधिकारी के साथ ही बेहतरीन इन्सान है. उनके मुताबिक बैंक द्वारा मानवता को केन्द्र में रखते हुए काम किया जाता है. यही कारण है कि बैंक ने अपार लोकप्रियता और अभी तक राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार भी प्राप्त किए हैं. बैंक के अधिकारी और कर्मचारियों के समर्पण से जहां ग्राहकों को खुशी मिलती है, वहीं दूसरी ओर बैंक के कामकाज में पारदर्शिता उसकी दूसरी खूबी है. वहीं बैंक के कर्मियों में अपनेपन तथा समर्पण भाव ने बैंक को आसमानी कामयाबी प्रदान की है. बैंक की शाखाओं को आधुनिकीकरण के साथ ही यहां ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं देने का प्रयास किया जाता है.बैंक का मुख्यालय कॉटन मार्केट रोड पर है. रोजगार को बढ़ावा देने का काम बैंक द्वारा किया जा रहा है. अजय सिनकर को भी बेहतरीन बैंक अधिकारी के रूप में अभी तक कई पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं.

बैंक अध्यक्ष तथा संचालक मंडल द्वारा बैंक कर्मचारियों को सम्मान देने के साथ ही अच्छे कामों को सदैव प्रोत्सहित करने के कारण अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा समर्पित भाव से काम किया जाता है. उन्होंने कहा कि आज बैंक को कई दर्जन पुरस्कार मिल चुके हैं. लाभांश से लेकर बेहतरीन इंतजाम इसकी खूबी है.रिश्तों में ईमानदारी और विश्वास को बरकरार रखने का प्रयास करने से मजबूती ही मिलती है.मानवता की सेवा से बड़ी दूसरी सेवा नहीं होने की बात वे कहते हैं. सभी ग्राहकों को बहुमूल्य बताते हुए धन्यवाद देते हैं.

# मुंबई में 14 जनवरी से प्रदीप मिश्रा की शिवकथा

## नए साल में भी तय हो गया है चार शहरों में कार्यक्रम,लाखों भक्त होते हैं शामिल



**विदर्भ स्वाभिमान**
विशेष संस्कार पहल

### यवतमाल में 27 जन.से कथा

जानकारी के अनुसार जनवरी और फरवरी में पंडित प्रदीप मिश्रा महाराष्ट्र, झारखंड और पंजाब में महाशिवपुराण कथा सुनाएंगे. नए साल में उनके कार्यक्रमों की शुरुआत पंजाब के भटिंडा से होगी. यहां उनकी कथा की शुरुआत 4 जनवरी से 10 जनवरी तक हुई. इस कथा की कलशयात्रा ने सारे रिकार्ड जहां तोड़ डाले, वहीं दूसरी ओर लाखों भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का गुणगान सुनकर अपना जीवन धन्य किया. पंजाब के बाद पंडित प्रदीप मिश्रा महाराष्ट्र का रुख करेंगे. महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में उनकी कथा 14 जनवरी से शुरु होगी जोकि 20 जनवरी तक चलेगी. मुंबई के बाद पंडित मिश्रा यवतमाल जाएंगे. यहां 27 जनवरी से उनकी कथा प्रारंभ होगी और यह कार्यक्रम 2 फरवरी तक चलेगा. यवतमाल की कथा की तैयारियां की जा रही हैं.

सीहोर के पंडितजी के रूप में विख्यात पंडित प्रदीप मिश्रा क़ी शिव महापुराण कथा जहां लाखों भक्तों के लिए जानी जाती है, वहीं दूसरी ओर उनकी कथा में सनातन धर्म और भगवान भोलेनाथ की कृपा का बखान करते हैं. सामाजिक बुराईयों पर कटाक्ष के साथ ही संयुक्त परिवार और परिवारनों में बढ़ती अनबन, उससे घर में पैदा होने वाले कलह पर भी बेबाकी से बोलते हैं. इसलिए उनकी कथाओं में सास-बहुओं के साथ ही युवाओं की भारी संख्या में उपस्थिति रहती है. अब देश के प्रमुख कथावाचक बन चुके हैं. वे देशभर में कार्यक्रम करते हैं. पंडित प्रदीप मिश्रा शिव महापुराण कथा सुनाते हैं और उनके कार्यक्रमों में लाखों लोग आते हैं. नया साल शुरु हो चुका है और इसी के साथ पंडित प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम भी तय हो गए हैं.सीहोर के पंडितजी के रूप में विख्यात पंडित प्रदीप मिश्रा अब देश के प्रमुख कथावाचक बन चुके हैं. वे देशभर में कार्यक्रम करते हैं. पंडित प्रदीप मिश्रा शिव महापुराण कथा सुनाते हैं और उनके कार्यक्रमों में लाखों लोग आते हैं. नया साल शुरु हो चुका है और इसी के साथ पंडित प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम भी तय हो गए हैं.नए साल के शुरुआती दो माह में वे बहुत व्यस्त रहेंगे. हम आपको पंडित मिश्रा के आनेवाले चार कार्यक्रमों के बारे में बता रहे हैं. ये चारों कार्यक्रम दूसरे राज्यों में आयोजित किए जा रहे हैं. इनमें से एक कथा पंजाब में तथा शेष तीन कथा महाराष्ट्र में आयोजित की जा रही है.




श्रीहरी सेवा
केक अँण्ड पेस्ट्री
छाया कॉलनी, अकोली रोड, अमरावती
मो.9423426199, 8855019189

शुध्द शाकाहारी
अंडा विरहीत केक

कोरोना काळात
शुध्दतेची हमी
आम्ही देत आहो...
आपल्या आनंद द्वीगुणीत
करण्याचा हा गोड प्रयत्न...



**विदर्भ स्वाभिमान**

पेपर बांटने/चिल्लर काम के लिए लड़के चाहिए

अमरावती जिले के साथ संभाग में लोकप्रिय साप्ताहिक विदर्भ स्वाभिमान शहर में बांटने और चिल्लर काम के लिए लड़का चाहिए. मेहनती और सीखने की चाहत रखने वाले युवक प्रत्यक्ष मिलें या संपर्क करें. अपने क्षेत्र में मार्केटिंग के साथ ही विज्ञापन व्यवसाय के माध्यम से कमीशन के आधार पर कमाई भी कर सकते हैं.

संपर्क
छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती
मो. 9423426199/8855019189


## ज़न्मदिन की मंगलमय हार्दिक शुभकामनाएं

अमरावती जिला शिवसेना शिंदे गुट के वरिष्ठ नेता, सुख्यात उद्यमी और सेवाभावी व्यक्तित्व, सामाजिक कामों में अग्रणी, हमारे भाईसाहब

### अरूणभाऊ पडोले

को जन्मदिन की मंगलमय
हार्दिक शुभकामनाएँ.

शुभेच्छुक
डॉ. नमिता तिवारी तथा परिवार
विदर्भ स्वाभिमान परिवार,अमरावती



# अमरावती के संत-महात्माओं को अयोध्या बुलावा

## अयोध्या में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा में होंगे शामिल, राजेश्वर माऊली सरकार के साथ डॉ.संतोष महाराज शामिल

**विदर्भ स्वाभिमान, 10 जनवरी**

अमरावती- समूचे भारतीयों के लिए सबसे बड़े गौरवमयी क्षण अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमी तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा आयोजित श्रीरामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अंबानगरी के साधु-संतों को न्यौता भेजा गया है. जगतगुरू रामराजेश्वराचार्य माऊली सरकार के साथ ही शिवधारा आश्रम के डॉ. संतोष महाराज, जीतेन्द्र नाथ महाराज सहति रामप्रियाश्रीजी को भी अयोध्या में सम्मान के साथ आमंत्रित किया गया है. जगतगुरू रामराजेश्वराचार्य माऊली सरकार रामयात्रा के माध्यम से रवाना होंगे. अमरावती में उनके भक्तों द्वारा नागपुर के लिए 18 जनवरी को रवाना किया जाएगा. इसमें भारी संख्या में भक्तों से शामिल होने का आग्रह किया गया है. विहिप तथा बजरंग दल के पदाधिकारियों ने संबंधित संतों के पास पहुंचकर उन्हें यह पत्र सौंपा और सम्मान के साथ ही इस ऐतिहासिक क्षण में सहभागी होने का आमंत्रण दिया.





अयोध्या में 22 जानेवारी 2024 को श्री राम जी के भव्य मंदिर व श्री राम लला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के स्वर्ण समारोह के लिए देश में विशिष्ट मान्यवर संतों महंतों को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा निमंत्रित भेजा गया है अयोध्या से आई हुई निमंत्रण पत्रिका अमरावती जिले में श्री आचार्य प.पू. स्वामी जितेंद्र नाथ महाराज श्री देवनाथ मठ अंजनगांव सुर्जी ,जगतगुरू राजराजेश्वराचार्य माऊली,(रुख्मिणी पीठ, अंबिकापुर )जनार्दनपंत बोथे गुरूजी सरचिटणीस ,अखिल भारतीय श्री गुरुदेव सेवा मंडल श्रीक्षेत्र गुरुकुंज आश्रम ,ह.भ.प. कथाव्यास साधनाजी धामनगॉव प.पु वासुदेवानंद गिरी जी महाराज कैलाश आश्रम शिव मंदिर कुराड़ी वरूण अमरावती महानगर स शिवधारा आश्रम के संचालक डॉ. संतोष देव जी महाराज शिव धारा आश्रम दस्तूर नगर, रामप्रिया माई भागवत कथा कार -गोपाल नगर

श्री सचिन देव महाराज श्री संत अचूक महाराज परम संत शिष्य 9)मोहन बाबा कारंजेकर महानुभाव आश्रम कंवर नगर, ज्ञानदेवाश्रम के संचालक और सुख्यात कथा प्रवक्ता ह.भ.प.ज्ञानेश्वर महाराज पातसे ज्ञानदेवाश्रम भामटी महाराज झोपड़ी अंबा बिहार ह.भ. प प्रीतम (पांडुरंग) महाराज झोबाड़े विश्वास - श्री दास ज्ञानेश्वर अध्यात्म ज्ञानपीठ तीर्थ क्षेत्र सोनारखेड़ महंत 108 संत श्री मनमोहनदास बाबा सीताराम बाबा मंदिर बालाजी प्लॉट 13) गुरुद्वारा सेवादारी बूटी प्लॉट राजापेठ,श्री गोपीराज बाबा शास्त्री श्री गोपीराज मठ महानुभव आश्रम रिद्धपुर 15) ह. भ. प श्री रामायना चार्य नारायण दास चौबे भक्ति धाम शिराला चांदूर बाजार को इस समारोह के लिए आमंत्रीत किया गया है. सभी पूज्य संतों को उनके निवास स्थान पर जाकर सम्मानपूर्वक निमंत्रण पत्रिका दी गई.इस समय उपस्थित गोविंद शेंडे, विश्व हिंदू परिषद क्षेत्रीय मंत्री अनिल सांबरे, मंदिर अर्चक पुरोहित संपर्क प्रमुख क्षेत्र अड. अमोल अंधारे, विश्व हिंदू परिषद विदर्भ प्रांत मंत्री बंटी पारवानी, विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री जिल्हा मंत्री रुपेश राऊत दिनेश सिंह महानगर अध्यक्ष चेतन वाटणकर महानगर मंत्री शरद अग्रवाल दीपक पाठक आशुतोष भिताड़े विजय जी वडनेरकर उपस्थिति थे.पूरे अमरावती जिले का माहौल अभी से श्रीराम मय होना शुरू हो गया है. सभी में अपार हर्ष है.

# श्रीराम के आदर्श मानने से देश रचेगा विकास का इतिहास

## पूर्व उपमहापौर प्रमोद पांडे, अंजली पांडे का प्रतिपादन

**अमरावती-** समूचे देश के लिए यह गौरव का क्षण है. अयोध्या में श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है, यह हर भारतीय के लिए गौरव की बात है. लेकिन इसके साथ ही देश में रामराज्य की स्थापना भी होनी चाहिए.ताकि राष्ट्र समूचे विश्व मैं सबसे आगे रहे. प्रभु श्रीराम को मर्यादा पुरूषोत्तम कहा जाता है. उन्होंने आदर्श राजा के साथ ही सभी रिश्तों को आदर्श तरीके से निभाते हुए मानव के सामने आदर्श रखा है. ऐसे में प्रभु श्रीरामकी स्थापना के साथ ही हर भारतीय को प्रभु श्रीराम के आदर्श विचारों का भी अमल करना चाहिए. इस आशय का मत सुख्यात समाजसेवी, विकास का विजन रखने वाले युवा नेता तथा पूर्व उपमहापौर प्रमोद पांडे और पूर्व नगर सेविका अंजली पांडे ने व्यक्त किया. उनके मुताबिक हर भारतीय के लिए यह गौरव का विषय है साथ ही चिंतन का भी विषय है. प्रभु श्रीराम ने जीवन में कभी भी मयादा का हनन नहीं किया था. उनके राज में जनता सुखी थी, सभी निर्भय थे और उन्हों ने जीवन में सदैव आदर्श राजा की बजाय प्रजा के सेवक के रूप में राज्य किया था. रामराज्य का आदर्श लोग आज भी देते हैं. श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही



विदर्भ स्वाभिमान

देश में भी रामराज्य की स्थापना क़ी कामना उन्होंने की.

राजापेठ प्रभाग में विकास कामों के लिए सदैव प्रयासरत रहने वाले पांडे दम्पति विकास के साथ ही गरीब छात्रों की मदद, साफ-सफाई, आदिवासियों को मदद के साथ ही गरीबों को भोजन दान जैसे कार्यक्रम मैं सदैव समर्पित रूप से प्रयासरत रहते हैं. प्रभागवासियों की हर समस्या के लिए सदैव तत्पर रहने वाले युवा नेता के रूप में उनका उल्लेख किया जाता है. उनके मुताबिक धर्म के साथ ही मानवता के धर्म को निभाने का हरसंभव प्रयास सभी को करना चाहिए. दोनों नेता से अधिक समाजसेवी और जागरूक नेतृत्व के रूप में सेवारत रहते हैं. प्रमोद पांडे द्वारा विजन के साथ कुछ न कुछ उपक्रम सालभर चलते हैं. प्रभाग के विकास के साथ ही लोगों की जहां मदद में तत्पर रहते हैं, वहीं दूसरी ओर दोनों को अपार प्रेम प्रभाग ही नहीं तो शहरवासियों का भी मिलता है. उनके मुताबिक भारतीय होने पर सभी को गर्व करना चाहिए. हर व्यक्ति के लिए राष्ट्र पहले और बाकी सब बातें बाद में होनी चाहिए.

शहर की राजनीति में जनता का प्यार पाने वाले चुनिंदा नेता ही हैं. जिनके नसीब में लोगों का प्यार है. इन नेताओं के जनसेवी तथा समर्पित कामों को देखकर ही लोगों का प्यार मिला है. श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा पर उन्हों ने समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दी. साथ ही सभी से राम के आदर्शों पर चलते हुए भारत को महान बनाने में योगदान देने का आग्रह किया. सेवाकार्य जितना संभव हो करने का संदेश भी दिया.


विदर्भ स्वाभिमान


सदस्य बन दें सहयोग

विदर्भ स्वाभिमान सकारात्मक सोच, मानवता, संयुक्त परिवार, माता-पिता की सेवा और संस्कारों का प्रोत्साहित करने वाला अखबार है. बच्चों के लिए यह ज्ञान का भंडार है. इसकी सदस्यता का अभियान चल रहा है. ऐसे में सदस्य बनने के इच्छुक संपर्क करें. मार्केटिंग करने तथा पेपर बांटने के लिए लड़के चाहिए.

संपर्क

छाया कॉलोनी,अकोली रोड,अमरावती.

मो.9423426199




आचार्य
बाळशास्त्री जांभेकर
(१८१२-१८४६)
संस्मरण
दर्पणकारांचे
नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री
एकनाथ शिंदे
मुख्यमंत्री
अधिस्विकृतीधारक पत्रकारांना
शासनामार्फत देण्यात येणाऱ्या सुविधा :
महाराष्ट्र राज्य मार्ग परिवहन महामंडळाच्या प्रवास शुल्कामध्ये (शिवशाहीसह) १००% सवलत
शंकरराव चव्हाण सुवर्ण महोत्सवी पत्रकार कल्याण निधीमधून अधिस्विकृतीधारक पत्रकार व त्यांच्या कुटुंबियांना वैद्यकीय उपचारार्थ आर्थिक मदत
म्हाडा सदनिका वितरणात पत्रकार संवर्गाला २.५% तर सिडकोमध्ये ५% आरक्षण
मंत्रालय येथे तळमजल्यावर अद्यावत सुविधांसह पत्रकार कक्षाची स्थापना
आचार्य बाळशास्त्री जांभेकर पत्रकार सन्मान योजनेतील लाभार्थ्यांना दरमहा रु.११,००० सन्मान निधी
- ६ जानेवारी -
पत्रकार दिनाच्या
हार्दिक शुभेच्छा!
देवेंद्र फडणवीस
उपमुख्यमंत्री
एकनाथ शिंदे
मुख्यमंत्री
अजित पवार
उपमुख्यमंत्री
www.mahasamvad.in
MaharashtraDGIPR
MahaDGIPR
माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय, महाराष्ट्र शासन




## हर घर में हो यह किताब

*माता-पिता की उपेक्षा करने वाले घर में कभी शांति, सम्पन्नता नहीं रह सकती है. यदि रही भी तो आत्मिक सुकून बिल्कुल नहीं रहता है. आदर्श विचार जीवन में खुशी का केन्द्र रहते हैं. ऐसे में माता-पिता की सेवा के महत्व, उससे होने वाले चमत्कार, माता-पिता की सेवा नहीं करने के परिणाम को दिखाने का प्रयास इस किताब में किया गया है. बच्चों में बेहतरीन संस्कार के लिए यह जरूरी है.संस्कार का जीवन में कितना महत्व है, इस पर किताब में प्रकाश डाला गया है. प्राप्ती के लिए संपर्क करें. कीमत केवल 125 रूपए. जिस घर में माता-पिता हंसते हैं, भगवान वहीं पर बसते हैं.आजमाकर देखें.*

मो. 9423426199/8855019189


# शिंदे गुट के १६ विधायकों की विधायकी रहेगी बरकरार

## विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर का फैसला, उद्धव को झटका



**विदर्भ स्वाभिमान, 10 जनवरी**

मुंबई - लम्बे समय से चल रहे मामले में विधानसभाध्यक्ष द्वारा कल फैसला देते हुए शिंदे गुट को ही असली शिवसेना का फैसला दिया गया. इस फैसले से जहां राज्य में शिवसेना शिंदे गुट में हर्ष की लहर है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी दलों ने इसे साजिश बताते हुए फैसले को पक्षपाती बताया है. इस फैसले के बाद शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट को झटका लगा है. फैसले को पार्टी द्वारा सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की संभावना जताई जा रही है. महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने अपने फैसले में कहा कि शिंदे गुट के 16 विधायकों की मान्यता बरकरार रहेगी. साथ ही एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने रहेंगे.महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर ने अपने फैसले में एकनाथ शिंदे को बड़ी राहत दी है. उन्होंने कहा कि शिंदे गुट के 16 विधायकों की मान्यता बरकरार रहेगी. साथ ही एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने रहेंगे. बता दें कि महाराष्ट्र में करीब डेढ़ साल पहले शिवसेना में बगावत हुई थी, जिसके बाद शिवसेना के उद्धव गुट ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित उनके गुट 16 बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रूख किया था. शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर स्पीकर के फैसले पर शरद पवार ने कहा कि इस फैसले के बाद अब उद्धव ठाकरे को सुप्रीम कोर्ट जाना होगा. उन्हें सुप्रीम कोर्ट में न्याय मिलने की उम्मीद है. स्पीकर के फैसले पर महाराष्ट्र के मंत्री और शिंदे गुट के विधायक दीपक केसरकर ने कहा कि इस फैसले से लोकतंत्र मजबूत होगा. साथ ही उन्होंने कहा कि इस फैसले की सच्चाई यह है कि पार्टी में भी लोकतंत्र होना चाहिए. उन्होंने इस फैसले को सही बताया.महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर द्वारा शिंदे गुट को असली शिवसेना बताए जाने पर उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने कहा कि यह भाजपा की साजिश है. उन्होंने कहा कि शिवसेना खत्म नहीं होगी. साथ ही उन्होंने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे. आज का फैसला कोई न्याय नहीं है, बल्कि एक षड्यंत्र है. हमारी लड़ाई न्यायालय में जारी रहेगी.

**आठवले ने सही बताया**

केंद्रीय मंत्री रामदास अठवले ने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने जो फैसला दिया है ये फैसला नियम और कानून के मुताबिक है. उन्होंने कहा कि दो तिहाई बहुमत के माध्यम से एकनाथ शिंदे के पास 37 विधायक हैं. इसलिए चुनाव आयोग ने भी शिंदे की शिवसेना को असली गुट माना.

स्पीकर द्वारा शिंदे गुट को असली शिवसेना करार दिए जाने पर शिव सेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि इस फैसले पर मुझे बिल्कुल भी आश्चर्य नहीं है. हमने सुना था वही होता है जो मंजूर-ए-खुदा होता है, लेकिन 2014 के बाद एक नई परंपरा शुरू हुई है वही होता है जो मंजूर-ए-नरेंद्र मोदी और अमित शाह होता है. इस फैसले को लेकर राज्य की राजनीति फिर एक बार गर्मा गई है. फैसले को लेकर हैरत जताई जा रही है.




## गुरूवार 2 नवंबर से 9 नवंबर 2023

**मेष**

इस राशि के लोगों के लिए नया साल आशा आकांक्षाओं को प्रफुल्लीत करने वाला साबित होगा. माता-पिता का आशिर्वाद असंभव को भी संभव करा सकता है.

**वृषभ**

नई योजनाओं, स्पर्धा परीक्षा तथा नए व्यवसाय में कामयाबी मिल सकती है. भावी योजनाओं के लिए पूरी ईमानदारी से काम करेंगे.

**मिथुन**

अपनों से प्रेम ही आपकी प्रगति का माध्यम बन सकता है. यह स्थिति कैरियर के लिए नुकसानदेह हो सकती है. छात्रों को स्पर्धा परीक्षा के लिए की गई मेहनत का फायदा मिलने वाला है.

**कर्क**

आय देखकर व्यय करने से ही कई समस्याओं का समाधान हो सकता है. आपसी सहमति नहीं बनने से कार्यस्थल पर विरोधाभासी स्थिति बन सकती है. धार्मिक यात्रा हो सकती है.

**सिंह**

सप्ताह खुशियों वाला रहेगा. नाहक के विवाद से बचने का प्रयास करना श्रेयस्कर होगा. लीक से हटकर चलना फिलहाल जोखिमपूर्ण है.

**कन्या**

विरोधी साजिश में फंसाने का प्रयास कर सकते हैं. ऐसे में सतर्कता बरतना जरूरी है. संयम से काम लेना उचित रहेगा. क्रोध से बचना आपके लिए लाभदायी होगा.

**तुला**

घर और कार्यालय के बीच तालमेल बिठाना जरूरी होगा. किसी से विवाद नहीं करना ही इस समय श्रेयस्कर है.

**वृश्चिक**

दूसरों को प्रभावित करने के लिए स्वभाव में बदलाव का प्रयास करेंगे. निश्चित कामों में सफलता मिलने की संभावना है. प्रयासों की निरंतरता जरूरी.

**धनु**

गुस्से से बना बनाया काम बिगड़ सकता है. विनयशीलता और प्रेम से काम लेने का प्रयास करें. वाहनादि धीरे से चलाएं.

**मकर**

घर के बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. समय रहते कदम उठाना उचित रहेगा. अपनों से विवाद टालें.

**कुंभ**

नए साल में प्रगति का योग है. अपनों का साथ मिलना श्रेयस्कर रहेगा. समय का महत्व समझें.

**मीन**

दौड़धूप कर रास्ते में आने वाली मुश्किलें दूर हो सकती हैं. व्यापारिक विस्तार की संभावना बढ़ रही है.





# विदर्भ स्वाभिमान

## विज्ञापन सहयोगी चाहिए

विदर्भ में तेजी से लोकप्रिय, आचार-विचार और संस्कारों को बढ़ावा देने वाले विदर्भ स्वाभिमान को विज्ञापन सहयोगी की आवश्यकता है. बाजार पर पकड़ रखने वाले और आर्थिक मजबूती के साथ ही संभाषण कला में निपुण युवक-युवतियां संपर्क करें. काम के आधार पर मानधन और उनके द्वारा किए गए व्यवसाय पर कमीशन भी दिया जाएगा. मेहनती तथा काम के प्रति जिद्दी युवक-युवतियां ही संपर्क करें.

संपर्क का समय सुबह 10-12 बजे

**मोबाइल 9423426199**

# नया साल सभी के लिए खुशियों वाला साबित हो

## बिट्टूभैया सलूजा की कामना, व्यवसाय के साथ मानव सेवा में अग्रणी व्यक्ति हैं, सेवा में रहते सदैव रत

**अमरावती- मानवता की सेवा से बड़ी सेवा नहीं हो सकती है. हर व्यक्ति को जितना संभव हो, इसे करने का प्रयास करना चाहिए. इससे निश्चित तौर पर जीवन में खुशियों के साथ ही देश भी तरक्की करेगा. नया साल सभी के लिए खुशियों वाला है. स्वस्थ, समृद्धि के साथ ही सभी को आत्मिक संतोष मिलना चाहिए. इस आशय का मत सुख्यात व्यवसायी, होटल इगल, विरसा के संचालक और सेवाभावी व्यक्ति रविन्द्रसिंह सलूजा उर्फ बिट्टू भैया ने किया. उन्होंने नए साल पर सभी को हार्दिक शुभकामना दी.**

ख़ुशियों को जीवन का महत्वपूर्ण अंग मानने वाले बिट्टूभैया के मुताबिक इन्सान को इन्सान के काम आना चाहिए. इससे इंकार नहीं किया जा सकता है. लेकिन इसके साथ ही जिंदगी में ऐसे कई मुकाम आते हैं. जब सोच के साथ आगे बढ़ना पड़ता है. इन्सानी प्रेम ही बड़ी से बड़ी समस्या को हल करने का माध्यम बनता है. तीन साल से कोरोना के कारण सभी परेशान थे, फिर यह कुछ शहरों में सिर उठाने की बात कही. लेकिन साथ ही कहा कि सतर्कता के साथ ही इससे डरने नहीं बल्कि अपना आत्मविश्वास मजबूत रखने की जरूरत है. सुख्यात व्यवसायी और समाजसेवी होटल ईगल इन के संचालक रविंद्रसिंग सलूजा ने सभी को नववर्ष की मंगलमय शुभकामनाएं दी हैं. उनके मुताबिक पिछले दो साल से कोरोना महामारी ने विश्व का नक्शा

विदर्भ स्वाभिमान



बदल दिया है. लेकिन इसके साथ ही यह भी उतना ही सच है कि आत्मबल से बड़ी ताकत कोई नहीं हो सकती है. ऐसे में पुराने दर्द को भुलाकर जिंदगी को पटरी पर लाने की जद्दोजहद ही जिंदगी है. होटल ईगल इन के संचालक रविंद्रसिंग सलूजा हरदिल अजीज व्यक्तित्व के साथ ही जीवन को संघर्ष मानने वाले व्यक्तित्व हैं. बड़ा बेटा एम.डी. डाक्टर होकर जनसेवा कर रहा है. जबकि छोटे बेटे नमन की सादगी, विनम्रता देखकर कोई भी सलूजा परिवार पर गर्व कर सकता है. जिले की सबसे बड़ी होटल बडनेरा रोड स्थिति विरसा की पूरी कमान संभालने का गौरवपूर्ण जिक्र करते हुए कहते हैं कि एक पिता के लिए इसके बड़ी और क्या खुशी होगी कि दोनों ही बेटे के साथ पूरा परिवार आदर्श परिवार के रूप में शहर में नाम रोशन कर रहा है. होटल ईगल इन के संचालक रविंद्रसिंग सलूजा माता-पिता के संस्कारों को अत्याधिक महत्व देते हैं.. उनके मुताबिक जीवन में धूप और छांव की तरह ही सुख दुखा भी आते हैं. एक बार खुशियों को लेना सीख गए तो निश्चित ही बाकी समस्या का निराकरण हो जाता है. खुशी फील करने वाली बात होती है. कोई गरीब भी सबसे खुश रह सकता है.नया साल 2024 सभी के लिए शुभ हो, मंगल्मय हो और सभी की मनोकामनाएं पूरी हों, इस, तरह की शुभकामनाएं दी. साथ ही विश्वास जताया कि रब की कृपा सभी पर बनी रहेगी और सभी खुश तथा इच्छाएं पूरी करेंगे.




गुणवत्ता विश्वसनीयता तत्पर सेवा

शालेय, महाविद्यालयीन पाठ्य पुस्तक, सामान्य ज्ञान स्पर्धा की विभिन्न किताबे, रजिस्टर, नोटबुक्स, कम्पास सहित सभी प्रकार की फाइलें,बुक्स, स्टेशनरी का एकमात्र विश्वसनीय स्थान. रियायती कीमत तथा तत्पर सेवा ही हमारी विशेषता है.

--संपर्क--

प्रथमेश बुक व जनरल स्टोअर्स, रविनगर चौक, अमरावती.

सन 1967 पासून

अमरावती शहरात वाजवी दरात सर्वात जास्त प्लाटस्चे सौदे करणारे एकमेव इस्टेट एजंट

संजय एजंसीज्

टाऊन हॉल समोर, नेहरू मैदान,अमरावती.

फोन 2564125,2674048

राजपुरोहित डिजिटल स्टुडियो

*फोटोग्राफी की आधुनिकतम साज-सज्जा के साथ ही रियायती कीमत में बेहतरीन गुणवत्ता की विडियो शूटिंग के लिए शहर ही नहीं तो समूचे विदर्भ में एकमात्र विश्वसनीय केन्द्र.फोटोग्राफी, विडियो शूटिंग के साथ अलबम के काम किए जाते हैं.*

राजपुरोहित फोटो स्टुडियो

कृष्णार्पण कॉलोनी, संत लहानुजी महाराज मंदिर के पास,अमरावती.अमरावती.

मो.9028123251







विदर्भ स्वाभिमान

विज्ञापन सहयोगी चाहिए

विदर्भ में तेजी से लोकप्रिय, आचार-विचार और संस्कारों को बढ़ावा देने वाले विदर्भ स्वाभिमान को विज्ञापन सहयोगी की आवश्यकता है. बाजार पर पकड़ रखने वाले और आर्थिक मजबूती के साथ ही संभाषण कला में निपुण युवक-युवतियां संपर्क करें. काम के आधार पर मानधन और उनके द्वारा किए गए व्यवसाय पर कमीशन भी दिया जाएगा. मेहनती तथा काम के प्रति जिद्दी युवक-युवतियां ही संपर्क करें.

संपर्क का समय सुबह 10-12 बजे

मोबाइल 9423426199

# मत बुरा कर्म कर बंदे, वर्ना पछताएगा

प्रभु ने हमें जो आदर्श जीवन दिया है, यह केवल हमारे लिए ही नहीं है. बल्कि इस जीवन का हम किस तरह स्वयं के कल्याण के साथ ही मानव कल्याण के लिए यथासंभव उपयोग करते हैं. ज़ो जीवन में केवल अपने लिए ही जीते हैं, उनमें और पशुओं में कोई अंतर नहीं होता है. लेकिन जो गरीबों, जरूरतमंदों को अपनी क्षमता के मुताबिक मदद देने का काम करते हैं, प्रभु सदैव उनकी झोली खुशियों से भर देता है. इसलिए भाव के साथ देव का विश्वास रखते हुए सदैव अच्छा करने का प्रयास करें. किसी के साथ छल करने के बाद अपने साथ वैसा ही छल होगा, यह निश्चित मानकर चलें . बुरा करनेवाले को उसका दंड भुगतना ही पड़ता है.


# विदर्भ स्वाभिमान

RNI NO. MAHHIN / 2010 /43881

संपादक : सुभाषचंद्र दुबे प्रबंधक : सौ. विणा एस. दुबे

❖ अमरावती, गुरूवार 30 नवंबर से 6 दिसंबर 2023 ❖वर्ष :14 ❖ अंक- 23 ❖ पृष्ठ 8 ❖ मूल्य - 4/- पोस्टल रजि.नं ATI/RNP/268/2022-2024 ❖डाक : शुक्रवार-शनिवार


समूचे भारत में माता-पिता की सेवा के महात्म्य और उनके आशिर्वाद की महत्ता को बढ़ावा देने वाले, भारतीय संस्कृति, धर्म और सामाजिक अच्छाईयों को समर्पित तथा इसे ही बढ़ावा देने के संकल्प के साथ 14 वर्षों से पत्रकारिता का गौरव बढ़ाने वाला एकमात्र समाचार पत्र. मानवता की सेवा, पशुओं की रक्षा के साथ ही बच्चों पर आदर्श संस्कार के लिए प्रयासरत हैं. आप भी माता-पिता की सेवा से जुड़े अपने विचार हमें भेज सकते हैं. मानवता की सेवा वाले प्रसंगों को भी प्रकाशित करेंगे.

ज़ीवन में जो लोग अपने स्वार्थ और अपनी बुद्धिमानी में मस्त रहते हैं और सभी को बेवकूफ समझते हुए स्वयं को बुद्धिमान होते हैं, उनके साथ लंबे समय तक कोई नहीं रहता है. लेकिन विनम्र स्वभाव वाला व्यक्ति जीवन में सदैव लोगों को जोड़ता है और उनके साथ रहकर खुश रहता है. यह आजमाकर देखना. वर्ना कई लोग कईयों को मूर्ख बनाकर भी तरक्की से वंचित ही रहते हैं. इसलिए निश्चल रहें और सभी को साथ दें.

सुभाषचंद्र जे. दुबे, संपादक-विदर्भ स्वाभिमान, 9423426199/8855019189


## विज्ञापन, आजीवन सदस्य बनने के लिए संपर्क करें

हमारा पता-विदर्भ स्वाभिमान श्रीहरी भवन, छाया कॉलोनी, गजानन महाराज मंदिर के पीछे, जाधव आटा चक्की तथा विदर्भ स्वाभिमान गल्ली, अमरावती.

मोबाइल 9423426199/8855019189/8208407139

Email-vidarbh.swabhiman@gmail.com